उत्तर प्रदेश शासन
नागरिक उड्डयन अनुभाग
संख्या:8/2018/165/छप्पन-2018-24/2017
लखनऊ : दिनांक : 17 जनवरी, 2018

<u>कार्यालय-ज्ञाप</u>

<u>नियुक्ति</u>

नागरिक उड्डयन निदेशालय, उत्तर प्रदेश के अधीन इकाई एयरोनॉटिकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, उत्तर प्रदेश, लखनऊ में प्रवक्ता (मैकेनिकल) के रिक्त पद पर श्री जितेन्द्र कुमार सरोज को शासनादेश संख्या-1422/छप्पन-2014-17/2014, दिनांक 09 सितम्बर, 2014 के द्वारा संविदा सेवा के प्रवक्ता के लिए अनुमन्य पारिश्रमिक रू0 45,600/- (रूपये पैतालीस हजार छः सौ मात्र) के नियत मासिक पारिश्रमिक एवं नियमानुसार अनुमन्य वार्षिक पारिश्रमिक वृद्धि पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 02 वर्ष (दो वर्ष) की अवधि के लिए श्री राज्यपाल संविदा पर नियुक्ति किए जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2- श्री जितेन्द्र कुमार सरोज को उक्त संविदा अवधि में उपर्युक्त नियत मासिक पारिश्रमिक के अतिरिक्त अन्य कोई भत्ते देय नहीं होंगे।

3- श्री जितेन्द्र कुमार सरोज से संविदा पर नियुक्ति के सम्बन्ध में निर्धारित प्रपत्र पर अनुबन्ध-पत्र निष्पादित कराकर शासन को उपलब्ध कराया जाएगा और उसकी एक प्रति सम्बन्धित प्रवक्ता को भी उपलब्ध कराई जाएगी।

4- इस पत्र के जारी होने के 07 दिन के अन्दर श्री जितेन्द्र कुमार सरोज द्वारा स्वीकृति-पत्र प्रेषित करना अनिवार्य है तथा यदि वह 01 माह के अन्दर कार्यभार ग्रहण करने हेतु उपस्थित नहीं होते हैं तो उनका अभ्यर्थन स्वतः निरस्त समझा जाएगा। विभाग द्वारा इस सम्बन्ध में कोई अन्य पत्राचार नहीं किया जाएगा।

सूर्य पाल गंगवार
विशेष सचिव।

श्री जितेन्द्र कुमार सरोज,
टाइप-3/1, एयरपोर्ट कालोनी, हिन्द नगर,
कानपुर रोड, लखनऊ।

2/...

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

पृ0सं0-8/2018/165(1)/छप्पन-2018, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- निदेशक, एयरोनॉटिकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को इस अभ्युक्ति के साथ कि श्री जितेन्द्र कुमार सरोज से निर्धारित प्रपत्र पर अनुबन्ध-पत्र निष्पादित कराकर शासन और एक प्रति सम्बन्धित प्रवक्ता को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

2- महालेखाकार-प्रथम (लेखा एवं हकदारी), उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।

3- कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ

4- वित्त नियंत्रक, नागरिक उड्डयन निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

5- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7/ वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2

6- कार्मिक अनुभाग-1

7- मुख्य चिकित्साधिकारी, लखनऊ।

8- सम्बन्धित प्रवक्ता की व्यक्तिगत पत्रावली के लिए/गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
डॉ0 सत्य प्रकाश तिवारी
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।